हिमाचल प्रदेश तेरहवीं विधान सभा

(पंचम सत्र)

मौखिक उत्तर हेतु प्रश्न

शुक्रवार, 8 फरवरी, 2019/19 माघ, 1940 (शक्)

[सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री - शिक्षा मन्त्री - शहरी विकास मन्त्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री - उद्योग मन्त्री तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मन्त्री].

कुल प्रश्न - 42

उठाऊ पेयजल योजना हेतु ट्रांसफार्मर

*1230 **श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य विभाग के नेरवा मण्डल एवं उप-मण्डल सैंज के अन्तर्गत उठाऊ पेयजल योजना के लिए विद्युत ट्रांसफार्मर लगाने हेतु विद्युत विभाग के पास कितनी धनराशि जमा करवाई थी और यह ट्रांसफार्मर कब तक स्थापित कर दिए जायेंगे?

सहकारी बैंक भरमौर

*1231 **श्री जिया लाल (भरमौर):**

क्या **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत तीन वर्षों में 15 जनवरी, 2019 तक सहकारी बैंक भरमौर द्वारा किराये पर लिए गए भवन हेतु कितनी धनराशि अदा की गई; ब्यौरा दें;

(ख) इस अवधि में बैंक द्वारा कितने लोगों को ऋण दिया गया और कितने खाते खोले गए; और

(ग) इस बैंक में कितने पद रिक्त हैं तथा इन्हें भरने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है?

Creation of Posts

***1232 Smt. Asha Kumari(Dalhousie) :**
Sh. Vikramaditya Singh(Shimla Rural) :

Will the **Health and Family Welfare Minister** be pleased to state :-

(a) how many posts of different categories have been created for Government Medical College Chamba;

(b) how many posts are filled-up and how many are lying vacant;

(c) whether land has been selected/transferred for the construction of building; and

(d) how much money has been sanctioned for the construction of this College Building?

भवन निर्माण

***1233 श्री सुख राम (पांवटा साहिब) :**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि पाँवटा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पिपलीवाला व राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला नघेता के भवनों के निर्माण हेतु धनराशि स्वीकृत हो चुकी है; यदि हाँ, तो कार्य कब तक प्रारम्भ किया जाएगा; ब्यौरा दें;

(ख) यह भी सत्य है कि राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला अजौली, मनीवाला तथा निहालगढ़ में कमरों की कमी है; और

(ग) यदि हाँ, तो सरकार क्या अतिरिक्त भवन बनाने का विचार रखती है?

सीर खड्ड तटीयकरण

***1234 श्री राजिन्द्र गर्ग (घुमारवीं):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि सीर खड्ड प्रत्येक वर्ष करोड़ों की सम्पति का नुक्सान करती है; यदि हां, तो इसके तटीयकरण की अद्यतन स्थिति क्या है?

Eligibility for Principals

*1235 **Sh. Jagat Singh Negi (Kinnaur):**

Will the **Education Minister** be pleased to state :-

(a) whether it is a fact that the eligibility for Principal DIET is B.Ed/M.Ed;

(b) how many Principals in DIETs are without B.Ed/M.Ed; and

(c) will the Government take immediate steps to remove all those Principals of DIETs who do not possess requisite B.Ed/M.Ed qualification as per norms?

बाग-पशोग पेयजल योजना

*1236 **श्री सुरेश कुमार कश्यप (पच्छाद):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि पच्छाद विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र की NC/PC बस्तियों को पेयजल उपलब्ध करवाने के लिए बाग-पशोग पेयजल योजना का निर्माण किया जा रहा है; यदि हाँ, तो इसका निर्माण कार्य कब प्रारम्भ किया गया तथा कितना कार्य किया गया है तथा कितना कार्य शेष है; और

(ख) इसके निर्माण हेतु कितनी धनराशि का प्रावधान किया गया है व कितनी धनराशि व्यय की गई; ब्यौरा दें?

Kangra Central Co-Operative Bank

*1237 **Sh. Narinder Thakur (Hamirpur):**

Will the **Social Justice & Empowerment Minister** be pleased to state :-

(a) during the last year upto 15th January, 2019, how much N.P.A. stands in the Kangra Central Co-Operative Bank; details be given; and

(b) is it a fact that the N.P.A. has been increased due to the penalty loan given by the Bank Management?

दवाई की दुकान की निविदायें

*1238 **श्री विनय कुमार (श्री रेणुकाजी):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) सिविल अस्पताल पांवटा साहिब में आर०के०एस० के अन्तर्गत दवाई की दुकान कब से चल रही है; और

(ख) इसकी निविदायें कब हुई थी तथा कितने समय के लिए ?

मुख्यमंत्री कन्यादान एवं बेटी है अनमोल योजना

*1239 **श्री रमेश चंद ध्वाला(ज्वालामुखी) :**

क्या **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत तीन वर्षों में 15 जनवरी, 2019 तक मुख्यमंत्री कन्यादान योजना एवं बेटी है अनमोल योजना के अन्तर्गत कितने परिवार व लड़कियों को लाभान्वित किया गया; ब्यौरा वर्षवार व विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रवार दें?

अवैध खनन

*1240 **श्री परमजीत सिंह (दून):**

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि बद्दी-बरोटीवाला-नालागढ़ के अन्तर्गत खनन माफिया सक्रिय है; यदि हां, तो इसको रोकने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है?

नर्सिंग कॉलेज

*1241 **श्री मुकेश अग्निहोत्री (हरोली):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत वर्ष 15 जनवरी, 2019 तक सरकार ने कितने नर्सिंग कॉलेज खोलने की अनुमति प्रदान की है; ब्यौरा दें;

(ख) राज्य में नर्सिंग कॉलेज में कितने नए कोर्स शुरू करने की स्वीकृति दी गई तथा इसके लिए क्या मापदण्ड हैं ; और

(ग) स्वीकृति से पूर्व इन संस्थानों में बुनियादी ढांचा,स्टाफ एवं सुविधाएं जांचने हेतु निरीक्षण किए गये; ब्यौरा दें?

Donation of Bodies

*1242 **Sh. Rakesh Singha (Theog):**

Will the **Health and Family Welfare Minister** be pleased to state :-

(a) how many people have donated their bodies to the IGMC so far; name of all such donors be given;

(b) is there proper provisions to preserve such donated bodies for the purpose of research and also use to the vital organs for transplantation in needy patients; and

(c) is there any awareness programme launched by the Government to encourage people to donate their bodies after death?

Allocation of Funds

*1243 **Sh. Balbir Singh (Chintpurni):**

Will the **Social Justice & Empowerment Minister** be pleased to state :-

(a) during the last year upto 15th January, 2019, how much amount has been allocated for repairs of houses and new houses to SC/ST/OBC categories in Una District; Constituency-Wise details be given; and

(b) whether the District Welfate Committees have been notified; if so, copy be placed on the Table of the House?

पेयजल समस्या

*1244 **श्री राकेश जम्वाल (सुन्दरनगर):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सुन्दरनगर शहर की पेयजल समस्या को हल करने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है?

चारदीवारी का निर्माण

*1245 **श्री राम लाल ठाकुर (श्री नैना देवीजी):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) जिला बिलासपुर में एम्स की चारदीवारी के निर्माण की निविदाएं किस कंपनी को दी गई हैं;

(ख) निर्माण कार्य हेतु वन विभाग से स्वीकृति मिल चुकी है;

(ग) निर्माण क्षेत्र के अन्तर्गत पड़ने वाले पशु प्रजनन केंद्र का अधिग्रहण कर लिया गया है; और

(घ) टी०सी०पी० ने क्या आपत्तियां जताई हैं तथा सरकार इन्हें दूर करने हेतु क्या पग उठा रही है; ब्यौरा दें?

लिपिकों की नियुक्तियां

*1246 **श्री सतपाल सिंह रायजादा (ऊना):**

क्या **शहरी विकास मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि:-

(क) शहरी विकास विभाग द्वारा नगर परिषदों में लिपिकों की नियुक्तियां किस आधार पर की जाती हैं; और

(ख) यदि नियुक्तियां कर्मचारी चयन आयोग द्वारा दिए गए विज्ञापन सं0 32 -2 /2016 के तहत पोस्ट कोड न0 484 द्वारा की गई हैं तो नगर परिषदों में outsource पर कार्यरत कर्मचारियों को नियमित करने हेतु कोई नीति बनाने का सरकार विचार रखती है?

शिक्षकों की नियुक्तियां

*1247 **श्री अर्जुन सिंह (ज्वाली):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत 3 वर्षों में 15 जनवरी, 2019 तक प्रदेश में कितने शिक्षकों को नियुक्तियां प्रदान की गई; ब्यौरा दें; और

(ख) इस अवधि में ज्वाली विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में कितने शिक्षकों को नियुक्तियां प्रदान की; ब्यौरा दें?

Pending Water Supply Schemes

***1248 Sh. Sunder Singh Thakur (Kullu):**

Will the **Irrigation & Public Health Minister** be pleased to state :-

(a) whether it is a fact that due to shortage of funds, water supply schemes in Kullu Vidhan Sabha Constituency are pending for execution; details of such schemes be given; and

(b) by when the sufficient funds will be provided for their completion?

अधिकृत सेब नर्सरी

***1249 श्री अनिरूद्ध सिंह (कसुम्पटी):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) प्रदेश सरकार ने जिला शिमला एवं सिरमौर में कौन-कौन सी सेब नर्सरियां अधिकृत की हैं ; इनकी कोई रेटिंग की गई है; नाम, पता व रेटिंग सहित ब्यौरा दें;

(ख) क्या अधिकृत नर्सरी उत्पादक Root stock व seedling दोनों पर पौधे तैयार करता है; ब्यौरा दें; और

(ग) सरकार ने नर्सरी उत्पादकों के साथ पौधे के दाम तय किए हैं; यदि हां, तो पौधे के दाम Root stock व seedling पर तैयार विभिन्न Spur Varieties जैसे कि Redvelox, Redkan, Gramysmith, Galegala, Oregonspur व अन्य सहित ब्यौरा दें?

पाठशालाओं में रिक्तियां

***1250 श्री हीरा लाल(करसोग) :**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि करसोग विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत वरिष्ठ, उच्च, माध्यमिक व प्राथमिक पाठशालाओं में किस-किस विषय के पद रिक्त हैं और सरकार इन पदों को भरने हेतु क्या पग उठा रही है; ब्यौरा दें?

सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंडल

***1251 श्री मुलख राज (बैजनाथ):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि बैजनाथ में

सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य विभाग का मण्डल कार्यालय नहीं है; यदि हां, तो सरकार यहां कार्यालय खोलने का विचार रखती है?

Construction of Building

***1252 Dr.(Col.) Dhani Ram Shandil (Solan):**

Will the **Social Justice & Empowerment Minister** be pleased to state what is the latest status of the construction of Koli Samaj Bhawan at shimla?

विज्ञान भवन

***1253 श्री सुरेन्द्र शौरी (बन्जार):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि महाविद्यालय बंजार में विज्ञान भवन बनना प्रस्तावित है; यदि हाँ, तो इस भवन के लिए कितनी धनराशि स्वीकृत हुई है और यह भवन कब तक बन कर तैयार होगा; ब्यौरा दें?

विवाह पंजीकरण सुविधा

***1254 श्री अरुण कुमार (नगरोटा):**

क्या **शहरी विकास मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि नगर पंचायतों व नगर परिषद् में विवाह पंजीकरण की व्यवस्था कब शुरू की गई थी और वर्ष 2005 से पूर्व हुए विवाह के पंजीकरण हेतु क्या व्यवस्था थी?

पाठशालाओं का उन्नयन

***1255 श्री इन्द्र सिंह (बल्ह):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत तीन वर्षों में 15 जनवरी, 2019 तक बल्ह विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में कितनी नई पाठशालाओं की स्थापना की गई, कितनी का उन्नयन किया गया; इन पाठशालाओं में लिपिक व अध्यापकों के कितने पद रिक्त हैं और इन्हें भरने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है?

प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों का उन्नयन

***1256 श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहड़ू):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत तीन वर्षों में 15

जनवरी, 2019 तक प्रदेश में कितने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खोले गए हैं तथा उन्नयन किए गए जिनकी अधिसूचना जारी कर दी गई है लेकिन उन्हें कार्यान्वित नहीं किया गया है; इन्हें कब तक कार्यान्वित कर दिया जाएगा?

आई0टी0आई0

*1257 **श्री बलबीर सिंह वर्मा(चौपाल) :**

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) चौपाल तथा नेरवा आई0टी0आई0 में कितने ट्रेड हैं, कितने विद्यार्थी हैं और विभिन्न श्रेणियों के कितने पद स्वीकृत व रिक्त हैं; रिक्त पदों को भरने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है; ब्यौरा दें;

(ख) गत 3 वर्षो में 15 जनवरी 2019 तक आई0टी0आई0 चौपाल में विभिन्न कार्यो पर कितनी धनराशि व्यय की गई तथा इसके भवन की मरम्मत कब तक कर दी जाएगी ; और

(ग) यह सत्य है कि इस आई0टी0आई0 में दो गाड़ियां उपलब्ध हैं और चालक के पद रिक्त हैं, इन्हें भरने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है?

सड़कों / पुलों हेतु धनराशि

*1258 **श्री सुख राम (पांवटा साहिब):**

क्या **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि जिला सिरमौर में गत एक वर्ष में 15-01-2019 तक अनुसूचित जाति विशेष घटक योजना के अन्तर्गत कितनी सड़कों व पुलों हेतु धनराशि स्वीकृत हुई है; विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रवार ब्यौरा दें?

Sewerage Schemes

*1259 **Sh. Jagat Singh Negi(Kinnaur) :**

Will the **Irrigation & Public Health Minister** be pleased to state :-

(a) what is the latest position of sewarage schemes at:-

(1) Sangla,

(2) Rasang,

(3) Namgia,

(4) Sunnam, &

(5) Ribba, and

(b) how much funds have been spent upto 15th January, 2019; scheme-wise details be given?

भवन निर्माण

*1260 **श्री सुरेश कुमार कश्यप (पच्छाद):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) पच्छाद विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत महाविद्यालय, वरिष्ठ माध्यमिक, उच्च, माध्यमिक एवं प्राथमिक पाठशालाएं हैं; और

(ख) कितने संस्थानों के पास भवन नहीं हैं तथा सरकार इनके भवन निर्माण हेतु क्या पग उठा रही है; ब्यौरा संस्थानवार दें?

नाबार्ड के अन्तर्गत योजनाएं

*1261 **श्री नरेन्द्र ठाकुर (हमीरपुर):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि वर्तमान में हमीरपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य विभाग की विधायक प्राथमिकता की कौन-कौन-सी पेयजल व सिंचाई योजनाएं नाबार्ड के पास लम्बित है और इन योजनाओं को कब तक स्वीकृति प्रदान कर दी जाएगी?

पदपूर्ति

*1262 **श्री विनय कुमार (श्री रेणुकाजी):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र श्री रेणुकाजी में विभिन्न शिक्षण संस्थानों में कितने पद रिक्त है तथा इन्हें भरने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है?

पाइप क्रय

***1263 श्री रमेश चंद ध्वाला (ज्वालामुखी):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत तीन वर्षों में 15 जनवरी, 2019 तक ज्वालामुखी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में किस-किस डाया की कितनी पाइपें किस दर से खरीदी गई; ब्यौरा श्रेणी व वर्षवार दें; और

(ख) विभिन्न श्रेणी की पाइपों व GI Wire को किन-किन फर्मों से खरीदा गया तथा टैंडर प्रक्रिया क्या अपनाई गई थी; ब्यौरा दें ?

NDB Project

***1264 श्री मुकेश अग्निहोत्री (हरोली):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) प्रदेश में BRICS देशों के New Development Bank के माध्यम से कितनी परियोजनाओं को मंजूरी प्रदान की गई तथा पहले चरण में कितनी धनराशि स्वीकृत की गई व किस-किस विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए; ब्यौरा दें; और

(ख) BRICS का दूसरा चरण कब तक प्रस्तावित है ?

Emergency Ambulance Service

***1265 Sh. Rakesh Singha (Theog):**

Will the **Health and Family Welfare Minister** be pleased to state :-

(a) which is the Company with whom an agreement has been made to provide emergency ambulance services; name and address of the Directors of the Company be given;

(b) how many Ambulances and staff have been provided in the Pradesh as per the Memorandum of Understanding and what are the terms & conditions;

(c) is there any mechanism to verify whether the Company is abiding with the terms & conditions of the Memorandum of Understanding; and

(d) how many complaints have been made by the families of the patients from 1st January, 2018 to 31st December, 2018?

Rate of Contract

***1266 श्री बलबीर सिंह (चिन्तपुरनी):**

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) उद्योग विभाग में Rate of Contract (R.C.) की क्या प्रक्रिया है; यह प्रक्रिया कितने समय में पूरी की जाती है; और

(ख) अनुसूचित जाति के उद्यमियों के लिये Rate Contract के माध्यम से किसी प्राथमिकता का प्रावधान है; यदि हां, तो इसके लिए क्या नियम हैं; यदि नहीं तो सरकार इसके लिए नियम बनाने का विचार रखती है?

----

108 एम्बुलैंस सेवा

***1267 श्री राकेश जम्वाल (सुन्दरनगर):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र डहर के लिए 108 एम्बुलैंस सेवा प्रदान करने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है?

मजदूर कामगार बोर्ड

***1268 श्री राम लाल ठाकुर (श्री नैना देवीजी):**

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) इस वित्तीय वर्ष में 15 जनवरी, 2019 तक प्रदेश में मजदूर कामगार बोर्ड से मजदूरों को मिलने वाली सुविधाओं पर कितनी धनराशि व्यय की गई; और

(ख) इस अवधि में कितने नए मजदूरों का पंजीकरण किया गया; इस समय इस बोर्ड में कितनी धनराशि जमा है तथा मजदूरों को किन-किन गतिविधियों/योजनाओं के अन्तर्गत लाभान्वित किया गया; ब्यौरा दें?

ईंट भट्ठे

***1269 श्री अर्जुन सिंह (ज्वाली):**

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) ज्वाली विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में कितने ईंट के भट्ठे हैं;

(ख) इनमें कितने श्रमिक काम कर रहे हैं, यह सभी पंजीकृत हैं तथा इन को श्रम कानून के अन्तर्गत सभी सुविधाएं प्राप्त हो रही हैं; ब्यौरा दें; और

(ग) क्या इन ईंट भट्ठों के मालिकों द्वारा नियमों की अनुपालना की जा रही है; यदि नहीं, तो इनके विरुद्ध खनन विभाग द्वारा क्या कार्रवाई की गई है?

भवन निर्माण

*1270 **श्री सुरेन्द्र शौरी (बन्जार)**:

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत तीन वर्षो में 15 जनवरी, 2019 तक बंजार विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत पाठशालाओं के भवन निर्माण पर कितनी धनराशि व्यय की गई है तथा किन-किन योजनाओं के अन्तर्गत निर्माण किया गया है; ब्यौरा दें; और

(ख) वर्तमान में कितने भवनों का निर्माण किया जा रहा है तथा कितने भवनों का निर्माण करना प्रस्तावित है; पाठशालावार ब्यौरा दें?

नगर परिषद कार्यालय

*1271 **श्री अरुण कुमार (नगरोटा)**:

क्या **शहरी विकास मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि यह सत्य है कि नगरोटा बगवां नगर परिषद् का कार्यालय व शॉपिंग कॉम्पलेक्स जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है; इसके जीर्णोद्धार हेतु सरकार क्या पग उठा रही है?

शिमलाः 171004. **यशपाल शर्मा,**
दिनांकः 23 जनवरी, 2019. **सचिव।**